लोक शिक्षण संचालनालय, मध्यप्रदेश

गौतम नगर भोपाल–462023

क्रमांक / अतिथि शिक्षक / 2025–26 / 493 भोपाल, दिनांक 12/3/2026

प्रति

1. समस्त संभागीय संयुक्त संचालक लोक शिक्षण म.प्र.।
2. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी म.प्र.।

विषयः–अतिथि शिक्षक कार्य हेतु जिला एवं संभाग स्तरीय नोडल अधिकारी / कर्मचारी का चिन्हाकंन करने विषयक् ।

संदर्भः–लोक शिक्षण संचालनालय का पत्र क्र / 282 दिनांक 27.09.2023 ।

उपरोक्त विषयांर्गत अतिथि शिक्षक से संबंधित कार्य हेतु जिले स्तर पर जिला शिक्षा अधिकारी एवं संभाग स्तर पर संभागीय संयुक्त संचालक द्वारा नोडल अधिकारी का चिन्हाकन किया जाना है। उक्त परिपेक्ष्य मे जिला स्तरीय तथा संभाग स्तरीय चिन्हाकिंत किये गये नोडल अधिकारी / कर्मचारी की जानकारी जिला शिक्षा अधिकारी एवं संभागीय संयुक्त संचालक द्वारा एजुकेशन पोर्टल 3.0 पर अतिथि शिक्षक प्रबंधन प्रणाली मॉड्यूल मे निम्नानुसार प्रविष्टि की जाए।

संभाग / जिले के चिन्हाकिंत नोडल अधिकारी / कर्मचारी का नाम	यूनिक आईडी.	पदनाम	व्हाट्सएप मोबाईल नम्बर	ई–मेल आईडी.

अतिथि शिक्षक हेतु चिन्हित नोडल अधिकारी /कर्मचारी को GFMS पोर्टल की सामान्य एवं तकनीकी जानकारी हो, जिससे अतिथि शिक्षकों की समस्याओं का निराकरण संभाग स्तर से किया जा सके। चिन्हित नोडल अधिकारी/कर्मचारी के प्रमुख कार्य निम्नलिखित होगे :–

1. संचालनालय के निर्देशानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करना ।
2. संभाग द्वारा जिलेवार समीक्षा करना ।
3. अतिथि शिक्षक से संबंधित शिकायतों का निराकरण कराना ।
4. अतिथि शिक्षक से संबंधित न्यायालयीन प्रकरणों का निराकरण करना।
5. संभाग अन्तर्गत जिलों से अतिथि शिक्षकों से संबंधित सी.एम. हेल्पलाईन पर दर्ज शिकायतों का समयसीमा में संतुष्टिपूर्ण निराकरण कराना ।
6. जिले स्तर से विकासखण्डवार एवं संकुलवार समीक्षा करना।
7. प्रतिमाह अतिथि शिक्षक मानदेय भुगतान की विकासखण्डवार समीक्षा करना।

उक्त निर्देशों के अनुसार तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करें।

(आयुक्त द्वारा अनुमोदित)

(डॉ.कामना आचार्य)
अपर संचालक
लोक शिक्षण, मध्यप्रदेश

पृ. क्र. / अतिथि शिक्षक / 2025–26 / 494 भोपाल, दिनांक 12/3/2026

प्रतिलिपिः–

1. समस्त विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी समस्त जिले म.प्र.।

अपर संचालक
लोक शिक्षण, मध्यप्रदेश